दूरदर्शन केन्द्रों में पुरुष और महिला कर्मचारियों की प्रतिशतता

5971. **श्री राम अवध** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के विभिन्न दूरदर्शन केन्द्रों में कार्य कर रहे विभिन्न वर्गों के स्थाई और अस्थाई स्टाफ आर्टिस्टों में पुरुषों और महिलाओं की संख्या तथा प्रतिशतता कितनी-कितनी है; और

(ख) कार्यक्रम, इंजीनियरी तथा प्रशासकीय कर्मचारियों सहित पुरुष तथा महिला स्थाई कर्मचारियों की प्रतिशतता क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रामदुलारी सिन्हा) : (क) और (ख) सूचना एकत्रित की जा रही है और उसको सदन की मेज पर रख दिया जाएगा ।

फरक्का बराज के विस्थापितों का पुनर्वास

5972. **श्री शिभु शोरन** : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फरक्का बराज के कारण बेघर हुए 677 परिवारों के पुनर्वास के लिये सरकार की क्या योजना है;

(ख) उनकी अभिगृहीत भूमि के बदले में उनको कितनी क्षतिपूर्ति अदा की जायेगी;

(ग) क्या नौकरियों में उनको प्राथमिकता दी जायेगी;

(घ) यदि हां, तो उनको कब तक रोजगार उपलब्ध करा दिया जायेगा; और

(ङ) यदि नहीं, तो उनके क्या कारण हैं ?

सिंचाई मंत्री (श्री केदार पांडे) : (क) से (ङ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

Requirement of Coal for Power Plants in Maharashtra

5973. SHRI R. R. BHOLE: Will the Minister of ENERGY AND COAL be pleased to state:

(a) what is the monthly requirement of coal for power plants in Maharashtra State;

(b) the quantity supplied during the last six months;

(c) reasons for short supplies, and

(d) steps taken to avoid power cuts in the State?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): (a) and (b) A statement showing the requirement (Allocation) actual receipts and consumption of coal by thermal power plants in Maharashtra during the last six months of January—June, 1980 is enclosed.

(c) The main reasons for the shortfall in supply of coal against the allocation have been inadequacy of movement by rail as well as by road.

(d) A number of steps have been taken to augment the coal supplies to the various thermal power plants in the country including Maharashtra. These include:—

(i) Coal Companies and Railways have been asked to step up coal supplies to the various thermal power stations.

(ii) Close liaison is being maintained between the Department of Coal, Railways and Department of Power and high level inter-Ministerial meetings are also held perodically to review coal supplies to the power plants.